# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य सरकार ने महिलाओं के सम्मान में की विशेष पहल की घोषणा, सभी पर्यटन स्थलों पर आज महिलाओं लिए प्रवेश निःशुल्क, मुख्यमंत्री ने कहा– आधी आबादी सशक्त होती है तो पूरा समाज समृद्ध हो जाता है।।
2. राज्यपाल ने जेपीएससी के नवनियुक्त अध्यक्ष एल. ख्यांगते को नियुक्ति प्रक्रियाओं में तेजी लाने के दिये निर्देश, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने को भी कहा।
3. हजारीबाग में एनटीपीसी पदाधिकारी की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या की, एसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा, अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज।
4. निर्वाचन आयोग ने कहा – डुप्लीकेट मतदाता पहचान–पत्रों की वर्षों पुरानी समस्या को अगले तीन महीनों में सुलझा लिया जायेगा।
5. लोहरदगा में आयोजित स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज जेएससीए का मुकाबला कोलकाता से होगा।

**************************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पर झारखंड पर्यटन विभाग ने राज्य की महिलाओं के सम्मान में एक विशेष पहल की घोषणा की है। राज्य के सभी पर्यटन स्थलों, पार्क, झरनों और विशेष रूप से पतरातू लेक पार्क में आज महिलाओं के लिए प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क कर दिया गया है।

**************************

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि जब आधी आबादी सशक्त होती है तो पूरा समाज समृद्ध हो जाता है। अबुआ सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं को मजबूत करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है।

**************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जेपीएससी के नवनियुक्त अध्यक्ष एल. ख्यांगते को नियुक्ति प्रक्रियाओं में तेजी लाने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**************************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज उन तमाम महिलाओं की चर्चा हो रही है, जिन्होंने आत्मनिर्भरता के साथ समाज में बदलाव की राह तैयार की है। झारखंड में भी कई महिलाएं सफलता की नयी इबारत लिख रही हैं।

**************************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हजारीबाग एनटीपीसी पकरी बरवाडीह में सेवा दे रही महिलाओं की चर्चा भी जरुरी है। खास बात यह है कि 26 महिलाओं का समूह 100 टन वाली विशालकाय होल पैक मशीन का संचालन खुद कर रही हैं।

महिला दिवस पर हजारीबाग की मरियम टुडू की चर्चा भी जरुरी है, जिन्होंने सरकारी योजनाओं की मदद से खुद को न केवल आत्मनिर्भर बनाया है बल्कि दूसरी महिलाओं के लिए एक उदाहरण बन गयी हैं।

**************************

दुमका जिले की महिलाओं ने भी आर्थिक स्वावलंबन की ओर तेजी से कदम बढ़ाया है। इन्हीं महिलाओं में एक हैं गुंजा देवी। गुंजा देवी सखी मंडल से जुड़ी हुई हैं उपायुक्त कार्यालय परिसर में पलाश मार्ट केंद्र का संचालन करती हैं। वह बताती हैं कि पहले उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी लेकिन पलाश मार्ट से जुड़कर उन्होंने स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया है।

दुमका की लक्ष्मी देवी तसर के कोकून से धागा निकलने और उससे कपड़े बनाने का हुनर रखती हैं। वह बताती हैं कि उनकी तरह उनके मोहल्ले की अन्य महिलाएं भी इस काम से जुड़ी हुई हैं ।

**************************

उधर, खूंटी जिले में महिलाएं बड़े पैमाने पर कैश क्रॉप की खेती अपनाकर आर्थिक सशक्तीकरण की नयी कहानी लिख रही हैं। महिलाएं आज जेएसएलपीएस के जुड़कर स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, शिमला मिर्च समेत कई प्रकार की सब्जियों का उत्पादन कर सफलता की लंबी लकीर खींची है। महिलाओं की इस सफलता में जेएसएलपीएस की बीपीएम विनीता तिर्की और फील्ड टीम कॉर्डिनेटर फुलमनी ओड़ेया की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिन्होंने ग्रामीण महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आर्थिक रुप से सशक्त बनाया है।

**************************

हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत फतह में एनटीपीसी के पदाधिकारी कुमार गौरव की अपराधियों ने आज गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद एनटीपीसी के सभी वरीय पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना पाकर जिले के एसपी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है।

**************************

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वह अगले तीन महीने में डुप्लिकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्यि–ईपीआईसी से संबंधित दशकों पुराने मुद्दे का समाधान करेगा। आयोग ने कहा कि उसने तकनीकी टीमों और संबंधित मुख्या निर्वाचन अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद अगले तीन महीनों में इस लंबित मुद्दे को हल करने का फैसला किया है। डुप्लिकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या वाले मौजूदा मतदाताओं के लिए एक राष्ट्रीय मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या जारी की जाएगी।

**************************

मौसम विभाग ने आज रांची समेत राज्यभर में आसमान साफ और मौसम शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया है। नौ और 10 मार्च को आकाश में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि आज सूर्यास्त पांच बजकर पचपन मिनट पर होगा।

**************************

लोहरदगा में आयोजित स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज जेएससीए का मुकाबला कोलकाता से होगा। सेमीफाइल मुकाबले में जेएससीए ने मुंबई को और कोलकाता ने दिल्ली को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है।

**************************